**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________________

   (Name) ____________________________

2. (Signature) ____________________________

   (Name) ____________________________

Roll No. | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

Roll No.______________________________

(In words)

**Test Booklet No.**

**D-1209**

Time : **2 $^{1}/_{2}$** hours]

# PAPER-III
# HOME SCIENCE

[Maximum Marks : **200**

Number of Pages in this Booklet : **40**

Number of Questions in this Booklet : **26**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. Answer to short answer/essay type questions are to be given in the space provided below each question or after the questions in the Test Booklet itself.

   **No Additional Sheets are to be used.**
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
4. Read instructions given inside carefully.
5. One page is attached for Rough Work at the end of the booklet before the Evaluation Sheet.
6. If you write your name or put any mark on any part of the Answer Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
7. You have to return the test booklet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
8. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
9. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. लघु प्रश्न तथा निबंध प्रकार के प्रश्नों के उत्तर, प्रत्येक प्रश्न के नीचे या प्रश्नों के बाद में दिये हुए रिक्त स्थान पर ही लिखिये ।

   **इसके लिए कोई अतिरिक्त कागज का उपयोग नहीं करना है ।**
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
4. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
5. उत्तर-पुस्तिका के अन्त में कच्चा काम (Rough Work) करने के लिए मूल्यांकन शीट से पहले एक पृष्ठ दिया हुआ है ।
6. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर अपना नाम या ऐसा कोई भी निशान जिससे आपकी पहचान हो सके, किसी भी भाग पर दर्शाते या अंकित करते हैं तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित कर दिये जायेंगे ।
7. आपको परीक्षा समाप्त होने पर उत्तर-पुस्तिका निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और इसे परीक्षा समाप्ति के बाद अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें ।
8. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पैन का ही इस्तेमाल करें ।**
9. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**

**HOME SCIENCE**
**गृह - विज्ञान**

**Paper-III**
**प्रश्नपत्र-III**

**Note :** This paper is of **two hundred (200)** marks containing **four (4)** sections. Candidates are required to attempt the questions contained in these sections according to the detailed instructions given therein.

**नोट :** यह प्रश्नपत्र **दो सौ (200)** अंकों का है एवं इसमें **चार (4)** खंड हैं । अभ्यर्थियों को इनमें समाहित प्रश्नों का उत्तर अलग दिये गये विस्तृत निर्देशों के अनुसार देना है ।

## Section – I
## खण्ड - I

This section contains **five (5)** questions based on the following paragraph. Each question should be answered in about **thirty (30)** words and carries **five (5)** marks.

**(5 × 5 = 25 Marks)**

इस खंड में निम्नलिखित अनुच्छेद पर आधारित **पाँच (5)** प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **तीस (30)** शब्दों में अपेक्षित है । प्रत्येक प्रश्न **पाँच (5)** अंकों का है । **(5 × 5 = 25 अंक)**

Even after more than 50 years of Independence India still has the world's largest number of poor people in a single country. Of its nearly 1 billion inhabitants, as estimated 260.3 million are below the poverty line, of which 193.2 million are in the rural areas and 67.1 million are in urban areas. More than 75% of poor people reside in villages. Poverty level is not uniform across India. The poverty level is below 10% in States like Delhi, Goa and Punjab etc., whereas it is below 50% in Bihar (43) and Orissa (47). It is between 30-40% in Northeastern States of Assam, Tripura and Meghalaya and in Southern States of Tamil Nadu and Uttar Pradesh.

The main causes of urban poverty are predominantly due to impoverishment of rural peasantry that forces them to move out of villages to seek some subsistence living in the towns and cities. In this process, they even lose the open space or habitat they had in villages albeit without food and other basic amenities. When they come to cities, they get access to some food though other sanitary facilities including clean water supply still elude them. And they have to stay in the habitats that place them under sub human conditions. While a select few have standards of living comparable to the richest in the world, the majority fails to get two meals a day. The causes of rural poverty are manifold including inadequate and ineffective implementation of anti-poverty programmes. The overdependence on monsoon with non-availability of irrigational facilities often result in crop-failure and low agricultural productivity forcing farmers in the debt-traps. The rural communities tend to spend large percentage of annual earnings on social ceremonies like marriage, feast etc. Our economic development since Independence has been lopsided. There has been increase in unemployment creating poverty like situations for many. Population is growing at an alarming rate. The size of the Indian family is relatively bigger averaging at 4.2. The other causes include dominance of caste system which forces the individual to stick to the traditional and hereditary occupations. Since the 1970s the Indian Government has made poverty reduction a priority in its development planning. Policies have focused on improving the poor standard of living by ensuring food security, promoting self-employment through greater access to assets, increasing wage employment and improving access to basic social services.

The Jawahar Rozgar Yojana a national public works scheme launched in 1989 with financing from the central and state governments, provides more than 700 million person days of work a year about 1% of total employment for people with few opportunities for employment. The scheme has two components ; a programme to provide low-cost housing and one to supply free irrigation wells to poor and marginalized farmers. The public works scheme is self-targeting. Since it offers

employment at the statutory minimum wage for unskilled manual labour, only those willing to accept very low wages the poor are likely to enrol in the scheme. By providing regular employment and thereby increasing the bargaining power of all rural workers, the public works scheme has had a significant effect in reducing poverty. It has also contributed to the construction of rural infrastructure (irrigation works, a soil conservation project, drinking water supply). Evaluations show that 82% of available funds have been channelled to community development projects. Targeting was improved in 1996 when the housing and irrigation well components were delinked and focused exclusively on people below the poverty line.

The Indian State has realised its responsibilities towards its citizens over the last few years. The State has move but to many areas and the process has been started with economic liberalization. The process of decentralization devolute lot more powers, both functional and financial, to panchayats. The lack of transparency and accountability has hampered our economic development at all levels. The problem of poverty persists because of a number of leakages in the system which has to be plugged by new laws have to ensure more accountability. Bodies like the Planning Commission should be modified into new constitutional bodies that can hold Governments accountable for their failure to implement development programmes. A strong system of incentives and disincentives also needs to be introduced. The encouragement of non-governmental organizations and private sector individuals in tackling poverty is imperative, as the state cannot do everything.

भारत की आजादी के 50 वर्षों से ज्यादा हो जाने के बाद भी, भारत एक मात्र ऐसा देश है जहाँ विश्व के गरीबों की अत्यधिक जनसंख्या है । इसके करीब 1 बिलियन निवासियों में करीब 260.3 मिलियन जनसंख्या गरीबी रेखा के नीचे है, उनमें से 193.2 मिलियन ग्रामीण क्षेत्रों में हैं और 67.1 मिलियन शहरों में हैं । 75% से अधिक निर्धन लोग गाँवों में निवास करते हैं । भारत में गरीबी का स्तर समान नहीं है । दिल्ली, गोवा, पंजाब इत्यादि राज्यों में गरीबी का स्तर 10% से नीचे है, बिहार (43) और उड़ीसा (47) में 50% के नीचे है, असम के उत्तरपूर्व राज्यों, त्रिपुरा और मेघालय और तमिलनाडु के दक्षिणी राज्यों और उत्तरप्रदेश में 30 – 40% के मध्य है ।

शहर की गरीबी प्रमुखत: ग्रामीण कृषक वर्ग के दरिद्रीकरण के कारण है, उन्हें जीवन-निर्वाह के लिए आजीविका ढूँढ़ने के लिए गाँव छोड़कर बाहर, शहर और नगरों में जाने के लिए विवश होना पड़ता है । इस प्रक्रिया में वे गाँवों की भोजन और सुख-सुविधाओं के बिना, अपनी खुली जगह या निवास स्थान से वंचित हो जाते हैं । जब वे शहरों में आते हैं, उन्हें कुछ भोज्य सामग्री तो मिल जाती है लेकिन अन्य सफाई सुविधायें जैसे स्वच्छ पानी की आपूर्ति से भी वे वंचित रह जाते हैं । उन्हें ऐसे निवास स्थानों में रहना पड़ता है जो उन्हें निम्न मानवीय स्तर पर रखते हैं । जबकि कुछ ही लोगों के जीवन-स्तर की विश्व के धनवानों से तुलना की जा सकती है लेकिन अधिकांश लोगों को दो वक्त का भोजन भी नहीं मिल पाता है । ग्रामीण निर्धनता के बहुविध कारण हैं जिनमें निर्धनता प्रतिरोधी कार्यक्रमों का अपर्याप्त और अप्रभावी कार्यान्वयन भी एक कारण है । मानसून पर अत्यधिक निर्भरता के साथ ही सिंचाई सुविधाओं की अनुपलब्धता के परिणामस्वरूप असफल कृषि और निम्न कृषि उत्पादकता होती है और इसके कारण कृषक कर्ज के जाल में फंसने को विवश हो जाते हैं । ग्रामीण समाज अपनी कमाई का अधिकांश प्रतिशत सामाजिक अनुष्ठानों जैसे विवाह, भोज इत्यादि पर खर्च करना चाहते हैं । आजादी के बाद से हमारा आर्थिक विकास असन्तुलित हो गया है । बेरोजगारी में वृद्धि के कारण बहुत सारे लोग गरीब हुए हैं । खतरे की दर से जनसंख्या बढ़ी है । भारतीय परिवार का आकार अपेक्षाकृत बड़ा है और औसतन 4.2 है । अन्य कारणों के अन्तर्गत जातिगत प्रणाली भी एक कारण है जो व्यक्ति को परम्परागत और विरासत से प्राप्त व्यवसायों में ही बने रहने को विवश करती है । 1970 से भारत सरकार ने अपनी विकास योजनाओं में गरीबी घटाने को प्राथमिकता दी है । नीतियों में भोज्य सुरक्षा की निश्चितता, स्वरोजगार के माध्यम से सम्पत्ति का

आधिक्य, नौकरी के पारिश्रमिक में वृद्धि और मूल सामाजिक सेवाओं में सुधार करके निम्न स्तर को सुधारने पर विशेष ध्यान दिया गया है ।

केन्द्र और राज्य सरकारों की आर्थिक सहायता से 1989 में जवाहर रोजगार योजना एक राष्ट्रीय लोक कार्य योजना आरंभ की गयी, जिसमें 700 मिलियन से अधिक व्यक्तियों को एक वर्ष में दैनिक कार्य मिला । यह लोगों के लिए पूरे रोजगार का 1% है, जो रोजगार के लिए कुछ ही अवसर है ।

इस योजना के दो मुख्य तत्त्व हैं कम लागत के मकान उपलब्ध कराने का कार्यक्रम तथा निर्धन और हाशिये में स्थित कृषकों की सिंचाई के लिए कुएँ की मुफ्त आपूर्ति । लोक कार्यों की योजना भी स्वलक्ष्य है क्योंकि यह अकुशल श्रमिकों के लिए वैधानिक न्यूनतम पारिश्रमिक के रोजगार प्रदान करता है, उन गरीबों को जो इस योजना के अन्तर्गत न्यून पारिश्रमिक लेना चाहते हैं । नियमित रोजगार प्रदान करते हुए, तथा सभी ग्रामीण कर्मियों के सौदेबाजी में वृद्धि करते हुए इस लोककार्य योजना का निर्धनता घटाने में विशेष प्रभाव है । इसका ग्रामीण आधारभूत संरचना (सिंचाई कार्य, मृदा संरक्षण योजना, पीने के पानी की आपूर्ति) के निर्माण में योगदान है । मूल्यांकन दर्शाता है कि उपलब्ध फंड का 82% सामाजिक विकास योजनाओं को दिया गया । 1996 में लक्ष्य में सुधार किया गया, जहाँ मकान और सिंचाई के कुएँ का विषय इससे अलग किया गया और इसे पूर्णरूपेण गरीबी रेखा के नीचे के लोगों से जोड़ा गया ।

भारतीय राज्यों ने पिछले कुछ वर्षों में अपने नागरिकों के प्रति अपने दायित्वों को समझा । राज्य ने अनेक क्षेत्रों में कार्य किया है और आर्थिक उदारीकरण के साथ कई प्रक्रियायें आरंभ हुईं । विकेन्द्रीकरण की प्रक्रिया ने पंचायतों को और अधिक कार्यात्मक और आर्थिक शक्तियाँ प्रदान की हैं । पारदर्शिता और उत्तरदायित्व की कमी ने सभी स्तरों पर हमारे आर्थिक विकास में बाधा पहुँचायी है । निर्धनता की समस्या, प्रणाली में कई चूकों के कारण बनी हुई है जिसे अधिक उत्तरदायित्व की निश्चितता के लिए नये कानून के द्वारा बन्द कर देना चाहिए । योजना आयोग जैसे निकायों को, नये संवैधानिक निकायों में परिवर्तित कर देना चाहिए जो विकास कार्यक्रम को लागू करने में, उनकी असफलता के लिए सरकारों को उत्तरदायी ठहरा सकें । प्रेरक और अप्रेरक की एक दृढ़ पद्धति भी आरंभ करने की आवश्यकता है । गैर सरकारी संस्थानों और व्यक्तिगत निजी सेक्टरों को जो निर्धनता हटाने को अत्यावश्यक मान कर लगे हुए हैं, उन्हें प्रोत्साहन देना चाहिए, क्योंकि राज्य सभी कुछ नहीं कर सकते ।

1. India has the world's largest number of poor people, justify.

   विश्व के सबसे अधिक निर्धन व्यक्ति भारत में रहते हैं । तर्क दीजिए ।

2. What are the main causes of urban poverty ?

शहरी निर्धनता के मुख्य कारण क्या हैं ?

3. What measures are taken by Indian Government for poverty reduction ?

भारत सरकार द्वारा निर्धनता घटाने के लिए क्या उपाय किये गये हैं ?

4. Briefly outline the objectives of Jawahar Rozgar Yojana.

जवाहर रोजगार योजना के उद्देश्यों की रूपरेखा संक्षेप में बताइए ।

5. What is Public Works Scheme ? Explain its role in reducing poverty.

लोक कार्य योजना क्या है ? निर्धनता घटाने में इसकी भूमिका को स्पष्ट कीजिए ।

## Section-II
## खण्ड - II

**Note :** This section contains **fifteen (15)** questions, each to be answered in about **thirty (30)** words. Each question carries **five (5)** marks. **(5 × 15 = 75 Marks)**

**नोट :** इस खंड में **पाँच-पाँच (5-5)** अंकों के **पंद्रह (15)** प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **तीस (30)** शब्दों में अपेक्षित है । **(5 × 15 = 75 अंक)**

6. I.D.D.
   आई.डी.डी.

7. Anthropometric Indices.
मानवमिति (ऐनथ्रोपोमिट्रिक) सूचक

8. Standardized recipe
मानकीकृत रेसिपि

9. Job specification

कार्य विशिष्टीकरण

10. Effect of dry heat on cereals.

अन्न पर शुष्क ऊष्म का प्रभाव

11. Feedback in Management Process.

प्रबन्ध प्रक्रिया में फीडबैक

12. Importance of communication for effective management.

प्रभावशाली प्रबन्धन में संचार का महत्त्व

13. Characteristics of Resources.

साधनों की विशेषताएँ

14. Result Demonstration.

परिणाम प्रदर्शन

15. Entrepreneurship

उद्यमिता

16. Developmental Scaffolding

विकसीय स्केफोल्डिंग

17. Emotional Quotient.

संवेगात्मक लब्धि

18. Sanforization.

सैनफोराइजेशन

19. Thread Count

धागा गणन

20. Resist Printing

रेजिस्ट प्रिन्टिंग

## SECTION – III
## खण्ड - III

This section contains **five (5)** questions from each of the electives/specialisations. The candidate has to choose only one elective/specialisation and answer all the **five** questions from it. Each question carries **twelve (12)** marks and is to be answered in about **two hundred (200)** words. **(12 × 5 = 60 Marks)**

इस खण्ड में प्रत्येक ऐच्छिक इकाई / विशेषज्ञता से **पाँच (5)** प्रश्न हैं । अभ्यर्थी को केवल एक ऐच्छिक इकाई / विशेषज्ञता को चुनकर उसी में से **पाँचों** प्रश्नों का उत्तर देना है । प्रत्येक प्रश्न **बारह (12)** अंकों का है व उसका उत्तर लगभग **दो सौ (200)** शब्दों में अपेक्षित है । **(12 × 5 = 60 अंक)**

## ELECTIVE – I
## विकल्प – I

### FOOD AND NUTRITION
### खाद्य एवं पोषण

21. Discuss the effect of heat, acid and enzyme on milk.

    दूध पर उष्म, अम्ल और एन्ज़ाइम के प्रभाव की विवेचना करें ।

22. Discuss the role of Biotechnology in combating micro-nutrient malnutrition.

    जैव-विज्ञान की सूक्ष्म-पौष्टिक तत्त्व कुपोषण की रोकथाम में क्या भूमिका है, इसकी विवेचना कीजिए ।

23. How does the process of ageing affect the nutritional requirements of the elderly ?

    बढ़ती उम्र की प्रक्रिया वरिष्ठ लोगों की पौष्टिक जरूरतों को कैसे प्रभावित करती है ?

24. Discuss the role of mid-day meal programmes in school.

    स्कूल में दिये जाने वाले मध्याह्न (मिड-डे) भोजन योजना की भूमिका का विवेचन कीजिए ।

25. Discuss the importance of Nutritional Anthropometry in assessment of nutritional status.

    पोषणज स्तर के मूल्यांकन के लिए न्यूट्रिश्नल एंथ्रोपोमेट्री का क्या महत्त्व है, इसका विवेचन कीजिए ।

**OR / अथवा**

## ELECTIVE – II
## विकल्प - II

### INSTITUTIONAL MANAGEMENT AND DIETETICS
### संस्थानिक प्रबंध एवं आहार विज्ञान

21. Discuss the strategies to be adopted to evolve a food service unit by an entrepreneur.
एक उद्यमी द्वारा भोजन परोसने वाली संस्था चालू करने हेतु अपनायी जाने वाली रणनीति का विवरण कीजिये ।

22. How do you ensure food safety in a food service unit ?
एक भोजन परोसने वाली संस्था में आप भोजन सुरक्षा किस प्रकार सुनिश्चित करेंगे ?

23. Discuss the measures that have to be adopted to check spiralling costs in a food service unit.
एक भोजन परोसने वाली संस्था में बढ़ते दामों की रोकथाम हेतु अपनाये जाने वाले उपायों का विवरण प्रस्तुत करें ।

24. What are dietary principles for planning diet for a nephrotic syndrome patient ?
'नेफरोटिक सिंड्रोम' के मरीज की आहार तालिका बनाने के सिद्धांत क्या हैं ?

25. Discuss the role of physical activity in reducing the risk of life style related diseases.
जीवन शैली सम्बन्धित रोगों का खतरा कम करने में शारीरिक क्रिया की भूमिका का विवरण कीजिए ।

**OR/अथवा**

## ELECTIVE – III
## विकल्प – III

### CHILD AND HUMAN DEVELOPMENT
### शिशु एवं मानवीय विकास

21. A girl who lost her father in childhood and was raised by her mother only. Explain her human ecological environment. What will be your suggestions for her personality development for her to lead a normal life ?
एक लड़की जिसके पिता की मृत्यु उसके बचपन में ही हो गई थी तथा उसका पालन-पोषण उसकी माता द्वारा ही किया गया था । इस लड़की के 'ह्यूमन ईकोलोजीकल वातावरण' की व्याख्या कीजिए । इस लड़की के व्यक्तित्व के विकास के लिए आपके क्या सुझाव हैं जिससे कि वह एक सामान्य जीवन व्यतीत कर सके ?

22. How emotions, beliefs, values and self-esteem affect achievement and motivation ? Justify your answer with appropriate examples.

संवेग, आस्था, मूल्य एवं आत्म प्रतिष्ठा किस प्रकार से उपलब्धि एवं प्रोत्साहन को प्रभावित करते हैं ? अपने उत्तर को तर्कपूर्ण उदाहरणों से समझाइए ।

23. 'Multiple intelligence approach is the best.' If you are a teacher, how will you justify this statement ? Give examples to strengthen your answer.

'मल्टीपल इन्टेलीजैन्स अभिगम (ऐप्रोच) सर्वोत्तम अभिगम है ।' अगर आप कक्षा में अध्यापक हैं तो इस वक्तव्य के लिए क्या तर्क देंगे ? अपने उत्तर को उदाहरणों से सुदृढ़ कीजिए ।

24. Explain the role of pairs in children's socialization. How pairs can be used as reinforcers for desired behaviour ?

बच्चों के समाजीकरण में साथियों की भूमिका की व्याख्या कीजिए । साथियों को अपेक्षित व्यवहार के लिए संबलित के रूप में कैसे प्रयोग कर सकते हैं ?

25. What are the various reasons of adolescent's conflict in the family ? Suggest the strategies to resolve these conflicts.

किशोरों के पारिवारिक अंतर्द्वन्द्व के क्या विभिन्न कारण हैं ? इन अंतर्द्वन्द्वों को सुलझाने की विधियों के बारे में सुझाव दीजिए ।

**OR/अथवा**

**ELECTIVE – IV**
**विकल्प – IV**

**CLOTHING AND TEXTILES**
**वस्त्र प्रसाधन तथा वस्त्र**

21. Write down the various stages of dyeing. Explain any two in detail.
रंगाई की विभिन्न अवस्थायें क्या हैं ? किन्हीं दो अवस्थाओं को विस्तार से स्पष्ट कीजिए ।

22. What is polymerization ? Explain manufacturing process of polyester fibre.
पॉलिमेराइजेशन क्या है ? पॉलिस्टर तन्तु के निर्माण की प्रक्रिया का उल्लेख कीजिए ।

23. Enlist the Indian traditional textiles. Explain the important characteristics of Banaras Brocade.
प्राचीन भारत के परंपरागत वस्त्र उद्योगों की सूची बनाइए । बनारस ब्रोकेड के महत्त्वपूर्ण अभिलक्षणों की व्याख्या कीजिए ।

24. Only wool fibres undergo felting shrinkage. Explain.
सिर्फ ऊनी वस्त्रों में ही नमदन सिकुड़न हो जाती है । व्याख्या कीजिए ।

25. Discuss the various problems faced by the consumers while buying textiles and readymade garments.
बने-बनाये वस्त्र व कपड़ा खरीदते समय उपभोक्ता किन-किन समस्याओं का सामना करते हैं ? विवेचना कीजिए ।

**OR/अथवा**

**ELECTIVE – V**
**विकल्प-V**

## HOME AND COMMUNITY RESOURCE MANAGEMENT
## गृह और समुदाय संसाधन प्रबन्ध

21. Why time management is important ? What factors should be considered in making a time plan ? Explain giving examples.
समय प्रबन्ध क्यों महत्त्वपूर्ण है ? समय प्रबन्ध करने में किन कारको को ध्यान में रखेंगे, उदाहरण सहित समझाइए ।

22. Is consumer a king in an economy ? Discuss. How does knowledge of Consumer Rights and Consumer Protection Act helps in becoming an intelligent consumer and protect one from cheating in market. Explain.
क्या उपभोक्ता अर्थव्यवस्था में राजा है ? विवेचना कीजिए । उपभोक्ता अधिकारों एवं उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम की जानकारी किस प्रकार बाजार में ठगी से बचने एवं जागरूक उपभोक्ता बनने में सहायक है, विवेचन कीजिए ।

23. Are work, worker and workplace interrelated ? Justify. Explain what do you understand by functional arrangement of workplaces.
क्या कार्य, कार्यकर्ता और कार्यस्थान आपस में सम्बन्धित हैं ? विवेचना करें । कार्यस्थान की क्रियात्मक व्यवस्था से आप क्या समझते हैं, समझाइये ।

24. 'Family operates in isolation and is not affected by environment.' State your agreement/disagreement citing examples.
'परिवार एकलन में कार्यरत रहता है व वातावरण से प्रभावित नही होता' इस पर अपनी सहमति/असहमति का उदाहरण सहित वर्णन करें ।

25. What factors affect the use of resources ? Suggest guidelines to increase satisfaction from use of resources citing examples.
साधनों को प्रभावित करने वाले कारक कौन से हैं ? उचित उपयोग से ज्यादा सन्तुष्टि प्राप्त करने हेतु कुछ सुझाव उदाहरण सहित देकर समझाइये ।

**OR/अथवा**

## ELECTIVE – VI
## विकल्प - VI

### HOME SCIENCE EXTENSION EDUCATION
### गृह-विज्ञान प्रसार शिक्षा

21. Define innovation and write the factors which affect innovation.
नवाचार को परिभाषित करिए और नवाचार को प्रभावित करने वाले कारकों का उल्लेख करिए ।

22. Explain the elements of communication.
संचार के तत्त्वों को समझाइये ।

23. What is an Adoption ? Write the classification of Adopters.
अभिग्रहण क्या है ? अभिग्रहणकर्त्ताओं का वर्गीकरण लिखिए ।

24. Discuss the role of Panchayats in the development of rural women.
ग्रामीण महिलाओं के विकास में पंचायतों की भूमिका की विवेचना कीजिए ।

25. Explain participatory mapping modelling with its merits and demerits.
पार्टीसीपेटरी मैपिंग मोडल को इसके गुण व दोषों के साथ समझाइए ।

## SECTION – IV
## खण्ड - IV

This section consists of one essay type question of **forty (40)** marks to be answered in about **one thousand (1000)** words on any **one** of the following topics. **(40 × 1 = 40 Marks)**

इस खण्ड में एक **चालीस (40)** अंकों का निबन्धात्मक प्रश्न है जिसका उत्तर निम्नलिखित विषयों में से केवल **एक** पर, लगभग **एक हजार (1000)** शब्दों में अपेक्षित है । **(40 × 1 = 40 अंक)**

26. Home Science to be made more job oriented in the current global economy. Discuss.

वर्तमान सार्वभौमिक अर्थव्यवस्था में गृह विज्ञान को अधिक रोजगारोन्मुख करना है, विवेचना कीजिए ।

**OR/अथवा**

Discuss the role of women entrepreneurship in national development.

राष्ट्र के विकास में महिला उद्यमियों की भूमिका की विवेचना कीजिए ।

| FOR OFFICE USE ONLY | |
|---|---|
| Marks Obtained | |
| Question Number | Marks Obtained |
| 1 | |
| 2 | |
| 3 | |
| 4 | |
| 5 | |
| 6 | |
| 7 | |
| 8 | |
| 9 | |
| 10 | |
| 11 | |
| 12 | |
| 13 | |
| 14 | |
| 15 | |
| 16 | |
| 17 | |
| 18 | |
| 19 | |
| 20 | |
| 21 | |
| 22 | |
| 23 | |
| 24 | |
| 25 | |
| 26 | |

Total Marks Obtained (in words) ..........................................

(in figures) .........................................

Signature & Name of the Coordinator ..................................

(Evaluation) Date .........................